मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ-226001

पत्रॉक:टीएस-सीसीटीएनएस-69/2012(IV) दिनांक:सितम्बर 11,2015

सेवा में,

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक,
समस्त जनपद पुलिस प्रभारी उत्तर प्रदेश।

कृपया इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकित: 13-07-2015 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सिस्टम इन्टीग्रेटर के स्तर से कराये गये डाटा डिजिटाईजेशन का पुष्टिकरण कराये जाने हेतु प्रकिया से अवगत कराया गया है। एन0आई0आई0टी0 द्वारा प्रत्येक जोन/ पुलिस लाइन स्तर पर अपने कार्मियों के द्वारा (वर्ष 2003 से 2012 तक का) डाटा डिजिटाइज्ड कराया जाएगा, जिसका परीक्षण/ पुष्टिकरण थाना प्रभारी अथवा उनके द्वारा नामित कार्मिक द्वारा किया जाएगा।

2- उपर्युक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि डाटा पुष्टिकरण हेतु थाना प्रभारी द्वारा कम से कम दो पुलिस कार्मिकों को नामित किया जाए तथा कार्मिकों को निर्देशित किया जाए कि वे सिस्टम इन्टीग्रेटर को जो साइन आफ उपलब्ध करायेंगे उसकी दो मूल प्रति साइन आफ प्रदान कर्ता कार्मिक अपने साथ लायेंगे, जिसे सम्बन्धित थाना प्रभारी के माध्यम से जनपदीय नोडल अधिकारी के कार्यालय में जमा कराया जाएगा, ताकि एनआईआईटी को भुगतान की कार्यवाही के समय जनपद स्तर पर संकलित साइन आफ की मूल प्रति आवश्यकतानुसार प्राप्त की जा सके।

11/9/15

(ब्रजेन्द्र भारद्वाज)
कम्प्यूटर अधिकारी
निमित्त अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें,उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1- अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
2- पुलिस महानिरीक्षक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।
3- पुलिस उप महानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
4- श्री जफर रिजवी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, मेसर्स एनआईआईटी टेक्नोलॉजी लिमिटेड।
5- श्री राजीव वशिष्ठ, प्रोजेक्ट मैनेजर, एसपीएमयू।
6- प्रभारी सीसीटीएनएस को बेवसाइट पर अपलोड कराने हेतु।